# भारतीय जनता पार्टी
*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली–110 001
**दूरभाष** : 23005700य **फैक्स** : 23005787

17 जनवरी 2013

## डीजल की कीमतों को आंशिक रुप से नियंत्रण से बाहर करने पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह का वक्तव्य

यूपीए की सरकार द्वारा डीजल की कीमतों को आंशिक रुप से नियंत्रण से बाहर करने की आज घोषित नीति आम आदमी के प्रति उसके संवेदनहीन रवैये का एक और उदाहरण है। उसने तेल कंपनियों को आने वाले महीनों में 9.60 रुपये प्रति लीटर की दर से बढ़ोतरी की इजाजत दे दी है जिससे मंहगाई और बढ़ेगी।

ऐसा लगता है कि यूपीए सरकार की तेल की कीमतों के बारे में कोई नीति नहीं है और जब भी कभी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में हलचल होती है वह बिना सोचे समझे प्रतिक्रिया करती है।

तेल की कीमतों के मामले में हमारे देश को एक व्यापक आधार वाली, जनहित से जुड़ी नीति की जरुरत है जो मंहगाई न बढ़ाए और आम आदमी तथा किसानों को राहत प्रदान करे जो कृषि संबंधी बहुतसी गतिविधियों में डीजल का इस्तेमाल करते हैं। यह प्रस्तावित लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी देश के किसानों के लिए बहुत बड़ा झटका है।

सरकार को अपनी वर्तमान तेल मूल्य नीति की समीक्षा करने की जरुरत है और उसे डीजल से आंशिक नियंत्रण हटाने के फैसले को वापस लेना चाहिए।

**(ओ. पी. कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*